भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

सं. 5/13/1/एनएचआरपी/कैंसरस्क्रीनिंग/2024/एनसीडी-III दिनांक: 27.01.2026

## परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में परामर्शक (प्रशासन) की नियुक्ति के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु विज्ञापन

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है, जो असंचारी रोग प्रभाग की प्रशासनिक कार्यों की गतिविधियों में अल्पावधि सहायता प्रदान करने के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से पूर्णतः संविदा आधार पर 01 परामर्शक (प्रशा.) की नियुक्ति करने का प्रयोजन रखता है।

**वॉक-इन-इंटरव्यू का विवरण निम्नानुसार है:-**
**स्थान:- परिषद मुख्यालय, वी. रामलिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर, दिल्ली - 110029**
**तारीख़ और समय: 06.02.2026 (रिपोर्टिंग समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे तक)।**

**नोट:- किसी भी स्थिति में प्रातः 10:00 बजे के पश्चात आने वाले किसी भी उम्मीदवार को वॉक-इन-इंटरव्यू में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

उपर्युक्त नियुक्ति के लिए अर्हकता, अनुभव एवं अन्य प्रासंगिक विवरण निम्नानुसार हैं:-

| **क्र. सं.** | | **विवरण** |
|---|---|---|
| 1. | पद का नाम | परामर्शक (प्रशा.) |
| 2. | रिक्तियों की संख्या | एक (01) |
| 3. | अनिवार्य अर्हकता एवं अनुभव का विवरण | सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रम/ स्वायत्त निकायों में प्रशासनिक कार्यों का कम से कम 10 वर्षों का अनुभव रखने वाले तथा संबंधित विषय जैसे कला/वाणिज्य/प्रबंधन/विधि/लोक प्रशासन/वित्त एवं लेखा/सीए/आईसीडब्ल्यूएआई/अर्थशास्त्र आदि में स्नातकोत्तर उपाधि रखने वाले पेशेवर। |
| 4. | अपेक्षित कार्य | अनुसंधान प्रशासन एवं वित्तपोषण संबंधी कार्य, परियोजना का वित्तीय विश्लेषण करना, तकनीकी खरीद-प्रक्रिया, विभिन्न प्रभागों/संस्थानों और विभागों के साथ समन्वय करना। सक्षम प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | समेकित परिलब्धियां | रू 70,000/- प्रति माह (समेकित)। |
| 6. | आयु सीमा | 40 वर्ष से 70 वर्ष तक। |
| 7. | कार्यकाल | एक वर्ष (आवश्यकतानुसार विस्तार किया जा सकता है)। |
| 8. | कार्य का स्थल | परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली। |

**सामान्य निबंधन एवं शर्तें:-**

1. यह पद पूर्ण रूप से अस्थाई है तथा परियोजना की आवश्यकतानुसार समाप्त हो जाएगा।
2. परिषद सभी विज्ञापित पदों को भरने के लिए बाध्य नहीं है तथा किसी भी समय प्रक्रिया को वापस ले सकता है/रद्द या संशोधित कर सकता है।
3. परामर्शक को आधिकारिक कार्य हेतु देशांतर्गत यात्रा करने पर यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों (समय-समय पर संशोधित) के अनुसार देय होगा।
4. कार्य के घंटे परिषद के स्थाई कर्मचारियों के समान होंगे। कार्यालय समय से अधिक कार्य करने पर कोई अन्य लाभ नहीं दिया जाएगा। बिना वैध कारणों के लगातार 8 दिनों की अनधिकृत अनुपस्थिति नियुक्ति की स्वतः समाप्ति का कारण होगी।
5. अवकाश का अधिकार: सेवा का प्रत्येक माह पूर्ण करने पर 1.5 दिन के वेतनयुक्त अवकाश की अनुमति दी जा सकती है।
6. **भर्ती की प्रक्रिया (उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश):**

   क. **पात्रता:** आयु मानदंड को पूरा करने वाले तथा अपेक्षित अर्हकता व अनुभव रखने वाले उम्मीदवार वॉक-इन-इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि अनिवार्य मानदंड को पूरा करना चयन की गारंटी नहीं है।

   ख. **मूल दस्तावेज़:** उम्मीदवारों को साक्षात्कार के दिन सत्यापन हेतु सभी मूल दस्तावेज़ (10वीं कक्षा से आगे के शैक्षिक प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, आयु प्रमाण-पत्र और आधार/पासपोर्ट/पैन/ड्राइविंग लाइसेंस जैसे वैध फोटो पहचान पत्र) अनिवार्य रूप से साथ लाने होंगे।

   ग. **दस्तावेज़ जमा करना:** उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय निम्नलिखित दस्तावेज़ जमा करने होंगे:

   i. सभी मूल दस्तावेज़ों की स्व-सत्यापित 2 प्रतियां।

   ii. हाल ही के पासपोर्ट आकार के छायाचित्र के साथ विधिवत रूप से भरा हुआ तथा हस्ताक्षरित आवदेन पत्र (संलग्न, निर्धारित प्रारूप में)।

   iii. जीवन-वृत्त।

   **नोट: अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदन पत्र प्रस्तुत करना या झूठी/गलत जानकारी देना या अपेक्षित स्व-सत्यापित दस्तावेज़ों को जमा करने में असफल रहना भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में आगे कोई विचार न करते हुए अस्वीकृति का कारण बनेगा।**

   **घ. स्क्रीनिंग की प्रक्रिया:** साक्षात्कार के लिए अल्प-सूचीबद्धता शैक्षिक अर्हकताओं, आयु और प्रासंगिक अनुभव के आधार पर होगी। यदि आवश्यक हुआ, तो साक्षात्कार से पूर्व एक

लिखित परीक्षा या असाइनमेंट का आयोजन किया जा सकता है। किसी भी चरण में बराबरी की स्थिति में, समान अंकों वाले सभी उम्मीदवारों को अगले चरण के लिए पात्र माना जाएगा।

**ङ. चयन मानदंड: अंतिम चयन साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।**

7. **अन्य निबंधन एवं शर्तें:-**

(क) परिषद बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। किसी भी प्रकार के पत्राचार या सिफ़ारिश को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(ख) परिषद किसी भी विज्ञापित पद को भरने या न भरने का और चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में रद्द करने या संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

(ग) छंटनी करने के लिए या संविदा आधार पर रोज़गार प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार का बाहरी दबाव/प्रभाव डलवाना अयोग्यता माना जाएगा, और उम्मीदवार को भर्ती प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा।

(घ) चूंकि, रिक्ति पूर्ण रूप से अस्थाई और संविदा आधार पर है, चयनित उम्मीदवार द्वारा परिषद के नियमित और स्थाई नियोजन और किसी अन्य परियोजना में निरन्तर काम हेतु कोई दावा नहीं किया जाएगा।

(ङ) परिषद, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के पश्चात एक प्रतीक्षा-सूची पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है जो एक वर्ष के लिए मान्य होगा।

(च) साक्षात्कार में भाग लेने या पद का कार्यभार ग्रहण करने के लिए कोई भी यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के दौरान, और यदि चयन होता है तो कार्यभार ग्रहण करने के बाद रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

(छ) किसी भी केंद्रीय/राज्य सरकार, स्वायत्त निकाय, विभाग या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत नियमित उम्मीदवार आवेदन के पात्र नहीं हैं।

(ज) चयनित उम्मीदवारों को सामान्यतः परिषद मुख्यालय में ही नियुक्ति दी जाएगी; हालाँकि, उन्हें भारत के किसी भी स्थान पर कार्य करने का दायित्व दिया जा सकता है।

(झ) परिषद बिना कोई कारण बताए अनुबंध अवधि के दौरान किसी भी समय नियुक्ति को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(ञ) सरकारी नियमों और विनियमों के अनुसार सभी लागू करों की कटौती की जाएगी।

(ट) रिक्तियों के संबंध में कोई भी परिशिष्ट या शुद्धि-पत्र परिषद की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। आवेदकों को अद्यतन के लिए परिषद की वेबसाइट https://www.icmr.gov.in/ नियमित रूप से देखनी चाहिए।

दिनेश सोनी
वरि. प्रशासन अधिकारी
एनसीडी एवं आरसीएन प्रभाग, परिषद मुख्यालय